Australia's Disability Strategy 2021–2031

Creating an inclusive community together

# ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021 – 2031

## आंकड़े सुधार योजना सारांश

Hindi | हिन्दी

## परिचय

**ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति (कार्यनीति) आंकड़े सुधार योजना [Australia's Disability Strategy (the Strategy) आंकड़े सुधार योजना सारांश (Data Improvement Plan (DIP)] का उद्देश्य कार्यनीति परिणाम ढाँचे (परिणाम ढाँचे) [Strategy Outcomes Framework (Outcomes Framework)] के अनुसार प्रगति का संरेखण करने के लिए आवश्यक आंकड़ों में सुधार करना है। परिणाम ढाँचे में 7 परिणाम क्षेत्रों में 85 दिशा-निर्देश शामिल हैं। इनमें से इकतालीस प्रणालीगत दिशा-निर्देश हैं, 40 जनसंख्या दिशा-निर्देश हैं और 4 सामुदायिक दृष्टिकोण दिशा-निर्देश हैं। इनमें शामिल हैं - आरंभिक दिशा-निर्देश, जिनके अंदर पहले से ही उनके अनुसार रिपोर्ट करने के लिए आंकड़े उपलब्ध हैं, और भविष्य के दिशा-निर्देश, जिनके अनुसार रिपोर्ट करने के लिए आंकड़ों को विकसित या लिंक करने की आवश्यकता है।**

सामाजिक सेवाएँ विभाग (डीएसएस) [Department of Social Services (DSS)] ने विकलांगता-ग्रस्त लोगों और ऑस्ट्रेलिया, राज्य व राज्य-क्षेत्र की सरकारी एजेंसियों के परामर्श से डीआईपी (DIP) विकसित किया है। परिणाम ढांचे के लिए आंकड़े वितरित करने के लिए बहु-क्षेत्राधिकार व्यवस्थाओं की आवश्यकता है। आंकड़ों में सुधार के बारे में अंतिम निर्णय विकलांगता सुधार मंत्रियों द्वारा लिए जाएँगे।

सभी सरकारें कार्यनीति के जीवनकाल में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ मिलकर काम करने के लिए सहमत हुई हैं। विकलांगता-ग्रस्त लोगों, विकलांगता सेक्टर के हितधारकों और सेक्टरों के अंदर विविध समूहों के विचारों को सुना जाएगा और उनपर विचार किया जाएगा। विकलांगता-ग्रस्त लोगों और अंत:प्रतिच्छेदन समूहों - जैसे प्रथम राष्ट्रों के विकलांगता-ग्रस्त लोगों, सांस्कृतिक और भाषाई रूप से विविधतापूर्ण समुदायों के विकलांगता-ग्रस्त लोगों, और विकलांगता-ग्रस्त महिलाओं - के साथ संलग्नता जारी रखी जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अनेकानेक प्रकार के विचारों पर ध्यान दिया जाए और उन्हें शामिल किया जाए।

## संरेखण

डीआईपी (DIP) निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ संरेखित है:

- ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति 2021-2031
- अंतर समाप्त करने के लिए राष्ट्रीय समझौता।

## आंकड़े

परिणाम ढाँचे के लिए आंकड़े अलग-अलग स्रोतों से लिए जाएँगे, जिनमें शामिल हैं:

- सर्वेक्षणों से आंकड़े, जिनमें विकलांगता, वृद्धावस्था और देखभालकर्ता सर्वेक्षण (एसडीएसी) [Survey of Disability, Ageing and Carers (SDAC)], अन्य एबीएस (ABS) सर्वेक्षण, और विकलांगता-ग्रस्त लोगों के प्रति सामुदायिक दृष्टिकोणों पर ऑस्ट्रेलिया की विकलांगता कार्यनीति सर्वेक्षण (कार्यनीति सर्वेक्षण) [Strategy Survey]
- प्रशासनिक आंकड़े, जिनमें राष्ट्रीय विकलांगता बीमा योजना (एनडीआईएस) [National Disability Insurance Scheme (NDIS)], और राज्य व राज्य-क्षेत्र के स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों से आंकड़े शामिल हैं
- तंत्रों में व्यापक रूप से अनेकानेक नई अंतर्दृष्टियाँ निर्मित करने के उद्देश्य से आंकड़ों की गुणवत्ता और तुलनात्मकता में सुधार के लिए डेटासेट्स को लिंक करना, जिसमें राष्ट्रीय विकलांगता आंकड़ा परिसंपत्ति (एनडीडीए) [National Disability Data Asset (NDDA)] भी शामिल है।

ऊँची गुणवत्ता के आंकड़े प्रशासन से निर्णय लेने की क्षमता में सुधार आएगा और ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र सरकारें आपसी सहयोग करने में सक्षम हो पाएँगी। इससे सरकारों को विकलांगता-ग्रस्त लोगों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के प्रभाव को मापने में सहायता मिलेगी।

## विविधता और पारस्परिकता

कार्यनीति और डीआईपी (DIP) विकलांगता समुदाय की विविधता को समझने, उसे स्वीकार करने और उसका आनंद उठाने के महत्व को पहचानती है। इसमें अंतरप्रतिच्छेदन की समझ भी शामिल है, जिसका अर्थ है कि लोगों को अपने लिंग, आयु, जाति, संस्कृति, लैंगिक पहचान, लैंगिक रुझान, खामियों, विकलांगता स्थिति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, धर्म और अन्य आयामों के अंतरप्रतिच्छेदन के कारण नुकसान का अनुभव होने की संभावना है। ये आयाम आपस में जुड़े हुए हैं; इनमें से हरेक आयाम दूसरों को सूचित करता है और ये एक-दूसरे में व्याप्त होकर तथा साथ-मिलकर यौगिक प्रभाव पैदा करते हैं।

भविष्य के दिशा-निर्देशों के लिए आंकड़ों के नए स्रोत विकसित करते समय या आरंभिक दिशा-निर्देशों के लिए आंकड़ों में सुधार करते समय प्राथमिकता यह रहती है कि आंकड़ों को यथासंभव अधिक से अधिक तरीकों से अलग किया जा सके।

## परिणाम ढांचे में भविष्य के दिशा-निर्देश

परिणाम ढांचे में दिशा-निर्देशों में सुधार करने और कार्यनीति के जीवनकाल में परिणाम ढांचे को परिष्कृत करने की प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में भविष्य के दिशा-निर्देश शामिल हैं।

भविष्य के दिशा-निर्देशों की संख्या 38 है। कार्यनीति का आरंभ होने के बाद कुछ दिशा-निर्देशों के लिए आंकड़े उपलब्ध हो गए हैं। अन्य दिशा-निर्देशों के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है और इसके बाद ही इन दिशा-निर्देशों के अनुसार रिपोर्टिंग की जा सकती है।

अब दो दिशा-निर्देश उपलब्ध हैं और 2023 के मध्य में आने वाले पहले अपडेट में इन्हें परिणाम ढाँचे के वेबपृष्ठों पर प्रकाशित किया जाएगा। ये दिशा-निर्देश एनडीआईएस (NDIS) प्रतिभागियों और सरकारी सेक्टर के विकलांगता कर्मियों के रोजगार से संबंधित हैं।

चार दिशा-निर्देशों को सामुदायिक दृष्टिकोण परिणाम क्षेत्र के विषय में कार्यनीति सर्वेक्षण से प्राप्त किया जाएगा। कार्यनीति सर्वेक्षण के लिए आंकड़ों को एकत्र करना सितंबर 2022 में शुरू हुआ था और यह जनवरी 2023 में समाप्त हो जाएगा। आंकड़ों का संकलन 2023 के आरंभ से किया जाएगा, इसके बाद मार्च से जून 2023 तक इनका विश्लेषण किया जाएगा और फिर सितंबर 2023 तक इन्हें परिणाम ढाँचे के वेबपृष्ठों पर प्रकाशित किया जाएगा।

2023 के अंत में या 2024 में 4 अन्य दिशा-निर्देश उपलब्ध होंगे। इन 4 दिशा-निर्देशों की रिपोर्टिंग बहु-एजेंसी आंकड़े एकीकरण परियोजना (एमएडीआईपी) [Multi-Agency Data Integration Project (MADIP)] के साथ लिंक करने के माध्यम से की जा सकती है। ये दिशा-निर्देश बाल संरक्षण प्रणाली में समयावधि और पुन:पुष्टियों, अस्पताल में मृत्यु होने की परिहार्य घटनाओं और अस्पतालों में अनैच्छिक भर्ती से संबंधित हैं।

एक दिशा-निर्देश में एनडीआईएस आंकड़ों का उपयोग किया जाएगा, जो एनडीआईएस प्रतिभागियों को मुख्यधारा तथा सामुदायिक सेवाओं व प्रणालियों के साथ लिंक करने के प्रयासों की सफलता से संबंधित है। 2026 से इस दिशा-निर्देश पर रिपोर्टिंग उपलब्ध होने की संभावना है।

आगे के 7 दिशा-निर्देशों के लिए एनडीडीए या इसी प्रकार के अंत:न्यायाधिकार-क्षेत्र आंकड़ा परिसंपत्तियों के माध्यम से जटिल आंकड़े लिंकेज की आवश्यकता होगी। यह उम्मीद की जा रही है कि ये आंकड़े 2024 से 2025 के बीच उपलब्ध हो जाएँगे।

12 दिशा-निर्देशों के विषय में रिपोर्टिंग और अनुरेखण करने के लिए नए सर्वेक्षण प्रश्नों से आंकड़े प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। एसडीएसी या कार्यनीति सर्वेक्षण जैसे मौजूदा सर्वेक्षणों में अन्य प्रश्नों को जोड़कर, या फिर एक नए सर्वेक्षण के माध्यम से ये आंकड़े एकत्र किए जाएँगे।

बाकी के 8 भविष्य के दिशा-निर्देशों को संबोधित करने के लिए परिभाषाओं, कार्यप्रणाली और प्रशासन के बीच सहयोग की आवश्यकता है। डीएसएस (DSS) द्वारा संबंद्ध ऑस्ट्रेलियाई सरकारी एजेंसियों और राज्य व राज्य-क्षेत्र सरकारों के साथ साझेदारी में कार्य-समूहों की मुलाकातें आयोजित की जाएँगी। कार्य-समूहों के लिए नियोजन शुरू कर दिया गया है। 2023 के अंत तक कार्य-समूहों के समाप्त होने की उम्मीद की जाती है। इसके बाद कुछ समय के लिए आंकड़ों को एकत्र और रिपोर्ट किया जाएगा।

## परिणाम ढांचे में आरंभिक दिशा-निर्देश

आंकड़ों की लिंकेज से आरंभिक दिशा-निर्देशों में इस तरह से सुधार आना चाहिए:

- दिशा-निर्देशों के विश्लेषण में उपयोग किए जाने वाले आंकड़ों की गुणवत्ता में सुधार
- पूर्व में अनुपलब्ध नई अंतर्दृष्टियाँ
- दिशा-निर्देशों के अनुसार रिपोर्टिंग की आवृत्ति में बढ़ोत्तरी
- लोगों को जनसंख्या के लिए अधिक प्रासंगिक माप परिणामों की सुलभता - उदाहरण के लिए, उनकी भौगोलिक स्थिति, विकलांगता के प्रकार या विकलांगता सहयोग के उपयोग के आधार पर।

ऑस्ट्रेलिया, राज्य और राज्य-क्षेत्र की सरकारों के बीच सहयोग के माध्यम से अन्य आरंभिक दिशा-निर्देशों में सुधार किया जाएगा। इसमें मानक परिभाषाओं और एकत्र करने की कार्यप्रथाओं पर सहमत होना शामिल है, जिससे पूरे देश-भर के लिए तुलनाएँ कर पाना संभव हो पाएगा।

## आगे का मार्ग

सभी सरकारें विकलांगता-ग्रस्त लोगों के साथ-मिलकर कार्य करते हुए भविष्य के दिशा-निर्देशों के लिए आंकड़े विकसित करना जारी रखेंगी और कार्यनीति के जीवनकाल में विकलांगता-ग्रस्त लोगों के बारे में आंकड़ों की गुणवत्ता और उपयोगिता में सुधार करेंगी।

डीआईपी (DIP) को कार्यनीति के समीक्षा बिंदुओं के अनुरूप अपडेट किया जाएगा। पहली समीक्षा 2023 के अंत में विकलांग लोगों की हिंसा, दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण पर रॉयल कमीशन की अंतिम रिपोर्ट के बाद होगी। आगे की समीक्षाएँ 2025 और 2029 में की जाएँगी।



2857.12.22